**प्रेस नोट - दिनांक 10.08.2026**
**थाना सफीपुर, जनपद उन्नाव।**

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सफीपुर पुलिस द्वारा दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** आज दिनांक 10.08.2026 को उ0नि0 अनिल कुमार राजपूत मय हमराह पुलिस बल द्वारा थाना सफीपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 348/25 धारा 333/131/115(2)/352/351(3)/70(1) बीएनएस व 3(2)V SC ST ACT संबंधित अभियुक्त राकेश पुत्र मातादीन नि0 ग्राम पनपथा थाना सफीपुर जनपद उन्नाव उम्र करीब 38 वर्ष को ग्राम पनपथा से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**नाम पता अभियुक्त-**

राकेश पुत्र मातादीन नि0 ग्राम पनपथा थाना सफीपुर जनपद उन्नाव उम्र करीब 38 वर्ष

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

उ0नि0 अनिल कुमार राजपूत
का0 अतुल प्रताप सिंह



**प्रेस नोट - दिनांक 10.08.2026**
**थाना कोतवाली सदर, जनपद उन्नाव।**

## कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी का अभियुक्त गिरफ्तार

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी के अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 08.11.2025 को थाना कोतवाली सदर पर मु0अ0सं0 969/25 धारा 318(4)/338/336(3)/340(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। आज दिनांक 10.08.2026 को थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित प्रकाश मे आये अभियुक्तगण 1.प्रेम चन्द पुत्र उम्र करीब 42 वर्ष 2.राजबहादुर उम्र करीब 36 वर्ष पुत्रगण स्व0 रामखेलावन उर्फ रामखिलावन निवासीगण ग्राम चांदपुर थाना दही जनपद उन्नाव को चांदपुर मार्ग से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**नाम पता अभियुक्तगण-**

1.प्रेम चन्द पुत्र स्व0 रामखेलावन उर्फ रामखिलावन उम्र करीब 42 वर्ष

2.राजबहादुर पुत्र स्व0 रामखेलावन उर्फ रामखिलावन उम्र करीब 36 वर्ष निवासीगण ग्राम चांदपुर थाना दही जनपद उन्नाव

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1.प्र0नि0 श्री चन्द्र कान्त मिश्र

2.उ0नि0 श्री ज्ञान सिंह

3.का0 भानू कुमार



**प्रेस नोट - दिनांक 10.08.2026**
**थाना कोतवाली सदर, जनपद उन्नाव।**

## चोरी के माल सहित शातिर चोर गिरफ्तार

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा चोरी के माल सहित शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 27.07.2026 को वादी श्री प्रताप शंकर कम्प्यूटर आपरेटर व लेखा जोखा लिपिक उन्नाव बार एसोसिएशन द्वारा थाना कोतवाली सदर पर तहरीरी सूचना दी कि अज्ञात चोर द्वारा पुस्तकालय मे लगा ताला तोड़कर आर0ओ0 चोरी कर लिया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली सदर पर मु0अ0सं0 466/26 धारा 305(ए) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। आज दिनांक 10.08.2026 को थाना कोतवाली सदर पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभियुक्त मोहम्मद फैज पुत्र चांद उम्र करीब 19 वर्ष नि0 1/5 काशीराम कॉलोनी थाना कोतवाली सदर जिला उन्नाव को कब्जे से चोरी के 01 अदद आर0ओ0 फिल्टर बरामद कर रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर उक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी कर अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### नाम पता अभियुक्त-

मोहम्मद फैज पुत्र चांद नि0 1/5 काशीराम कॉलोनी थाना कोतवाली सदर जिला उन्नाव उम्र करीब 19 वर्ष

### बरामदगी-

चोरी के 01 अदद आर0ओ0 फिल्टर

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.प्र0नि0 श्री चन्द्र कान्त मिश्र
2.उ0नि0 श्री अनिल कुमार
3.का0 संदीप कुमार



4.का0 जगदीश

5.का0 ब्रजपाल

**प्रेस नोट - दिनांक 10.08.2026**

**थाना आसीवन, जनपद उन्नाव।**

## युवक के साथ मारपीट करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना आसीवन पुलिस द्वारा युवक के साथ मारपीट करने वाले 02 अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 30.07.2026 की रात्रि में सोनू पुत्र गोकुल उम्र करीब 30 वर्ष नि0 पाठकपुर थाना आसीवन जनपद उन्नाव द्वारा गांव के ही निवासी राजू पुत्र राम गुलाम उम्र करीब 50 वर्ष व राज पुत्र राजू उम्र करीब 27 वर्ष का मोबाइल चुरा लिया गया था। दिनांक 01.08.2026 को राजू व राज द्वारा सोनू उपरोक्त को पकड़ कर उसके घर शिकायत की गई तथा सोनू के सिर का मुंडन करा दिया गया था। जिसके संदर्भ मे तत्समय थाना आसीवन पर कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई थी। जिसका वीडियो दिनांक 09.08.2026 को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से प्राप्त हुआ है। जिसके संदर्भ मे पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना आसीवन पर मु0अ0सं0 171/26 धारा 115(2)/352/351(3)/356(2)/3(5) बीएनएस पंजीकृत किया गया तथा विवेचना के दौरान धारा 140(3) BNS बढोत्तरी की गई । आज दिनांक 10.08.2026 को उपरोक्त मुकदमे से संबंधित अभियुक्तगण 1. राजू पुत्र रामगुलाम सिंह गमेल उम्र करीब 55 वर्ष 2. राज पुत्र राजू उम्र क रीब 22 वर्ष निवासीगण ग्राम पाठकपुर थाना आसीवन जनपद उन्नाव को कस्बा आसीवन चौराहे के पास से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**नाम पता अभियुक्तगण-**

1.राजू पुत्र रामगुलाम सिंह गमेल उम्र करीब 55 वर्ष

2.राज पुत्र राजू उम्र करीब 22 वर्ष

निवासीगण ग्राम पाठकपुर थाना आसीवन जनपद उन्नाव

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1.उ0नि0 श्री विजय चतुर्वेदी

2.कां0 पप्पू प्रजापति

3.का0 विपिन घनघोरिया

